तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 24 सितंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



11 बच्चों को पोषण आहार देने के पहले कार्यकर्ताओं को करना होगा टेस्ट




## खबर संक्षेप

### राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष आज लेंगे अधिकारियों की बैठक

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू राम निषाद केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त एवं उपाध्यक्ष श्रीमती चन्द्रकांति वर्मा द्वारा जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक 26 सितंबर को दोपहर 2 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में ली जायेगी। इससे पूर्व अध्यक्ष द्वारा प्रातः 11 बजे सर्किट हाउस सभाकक्ष में पिछड़ा वर्ग के जनप्रतिनिधियों से भेंट-चर्चा की जायेगी। आयोग के अध्यक्ष द्वारा सायं 4 बजे सर्किट हाउस सभाकक्ष में प्रेस वार्ता भी ली जायेगी। समीक्षा बैठक में शासन के अन्य पिछड़े वर्मों के हितार्थ संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा एवं अन्य पिछड़े वर्ग के क्रिमीलेयर निर्धारण के संबंध में चर्चा की जायेगी। कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा सर्व संबंधित अधिकारियों को निर्धारित प्रारूप में विभागीय जानकारी 24 सितंबर तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा में जमा करने और 26 सितंबर को बैठक में विभागीय जानकारी के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### जिला स्तरीय चयन समिति गठित

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा संचालनालय महिला एवं बाल विकास रायपुर के निर्देशानुसार वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार, मिनीमाता सम्मान (महिला उत्थान) और माता बहादुर कलारिन सम्मान वर्ष 2025 के लिए प्राप्त नामांकन में से सर्वात्कृष्ट एक महिला का नाम चयन कर अनुशंसा सहित संचालनालय को भेजे जाने के लिए 5 सदस्यीय जिला स्तरीय चयन समिति का गठन किया गया है। समिति के अध्यक्ष कलेक्टर होंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, उप संचालक जनसंपर्क, उप संचालक पंचायत एवं समाज कल्याण को समिति का सदस्य और जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास को समिति का सदस्य संयोजक नियुक्त किया गया है।

### वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में गैस लिकेज मॉक ड्रील का आयोजन 25 को

**कोरबा।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार जिला आपदा प्रबंधन के संयुक्त तत्वाधान में जिला प्रशासन द्वारा 25 सितंबर को प्रातः 10 बजे राधासागर तालाब कटघोरा में बाढ़ बचाव के संबंध में मॉक ड्रील का आयोजन किया गया है। इसी तरह वाटर ट्रीटमेंट प्लांट कोहड़िया कोरबा में दोपहर 01 बजे गैस लिकेज के संबंध में मॉक ड्रील आयोजित किया जायेगा। अपर कलेक्टर ने बताया कि यह मॉक ड्रील आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने तथा आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। यह केवल एक प्रशिक्षण प्रक्रिया है और घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। नागरिकों से अपील की गई है कि अभ्यास के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखें तथा लोगों को सही जानकारी प्रदान करें और मॉक ड्रील में प्रशासन का पूरा सहयोग करें।

# एक अक्टूबर से स्पीड पोस्ट की डाक को ही रजिस्ट्री जैसी मिलेगी मान्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

डाक विभाग अपने पुराने नियम को धीरे धीरे बदलने का कार्य शुरु किया है। इसी कड़ी में अब तक रजिस्ट्री की डाक को मिलने वाली मान्यता को बदलते हुए स्पीड पोस्ट की डाक को ही रजिस्ट्री डाक की तरह मान्यता दी जाएगी। अलग से होने वाली रजिस्ट्री की डाक व्यवस्था अब 1 अक्टूबर से बद कर दी जाएगी।

डाक व्यवस्था में बदलाव का दौर पिछले वर्ष से शुरु हो गया था। ग्रामीण अंचलों के डाकियों को टैबलेट देकर ऑनलाइन कार्य से जोड़ा गया था साथ ही ई मनीऑडर की भी व्यवस्था लागू की गई थी। इसी कड़ी में अब आम लोगों द्वारा पोस्ट ऑफिस में स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजे जाने वाले डाक को महत्व दिया जाएगा। पूर्व में रजिस्ट्री डाक को ही महत्व दिया जाता था। वहीं स्पीड पोस्ट से भेजने वाली डाक को उतनी तवज्जो नहीं मिलती थी। परिणाम स्वरुप अधिकांश उपभोक्ता किसी भी डाक को भेजने के लिए रजिस्ट्री की व्यवस्था को इस्तेमाल किया करते थे। स्पीड पोस्ट के प्रति उनका झुकाव धीरे धीरे कम होने लगा था। जबकि स्पीड पोस्ट का नियम सरकार ने ही लागू किया है। किंतु डाक व्यवस्था में हमेशा रजिस्ट्री डाक की अपेक्षा दूसरे पायदान में रहा करती थी। यही कारण है कि आम लोग हमेशा किसी भी जरुरी डाक को हमेशा रजिस्ट्री किया करते हैं। अब 1 अक्टूबर से डाक विभाग रजिस्ट्री की डाक व्यवस्था बंद करने जा रहा है और उसकी जगह उतनी ही दर पर स्पीड पोस्ट की डाक को जगह दिया जा रहा है। प्रक्रिया वही रहेगी केवल नाम चेंज होगा।

## डाक विभाग बदल रहा है अपने पुराने नियमों को

**खास बातें**

- अब तक स्पीड पोस्ट की डाक को नहीं मिलती थी तवज्जो
- ई-मनी आर्डर की व्यवस्था पहले ही लागू कर दी गई है




## कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा विभाग

डाक विभाग इस समय कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा है। वर्तमान में पदस्थ कर्मचारियों के उपर कई कार्यों का प्रभार होने के कारण दबाव झेल रहे हैं। स्थिति यह है कि छोटे छोटे काम को लेकर भी लंबा समय लगने लगा है। रेलवे आरक्षण का कार्य कर्मचारियों की कमी के कारण ठप्प पड़ गया था। अब नए सिरे से कर्मचारी की व्यवस्था कर आरक्षण काउंटर को शुरु किया गया है। व्यवस्था के शुरु नहीं होने के कारण आम शहरवासियों को रेलवे स्टेशन जाना पड़ता था। मुख्य डाकघर के अलावा दर्री बालको, कटघोरा, जैसे उप नगरीय क्षेत्रों के पोस्ट ऑफिस में कर्मचारियों का संकट बना हुआ है। प्रतिवर्ष नई व्यवस्था और नई योजनाएं लागू तो की जा रही है किंतु उनके संचालन को लेकर कर्मचारियों की व्यवस्था नहीं हो रही है।

### कोरबी चौकी क्षेत्र के ग्राम घूंचापुर का मामला

# ट्रक में गौवंश की तस्करी, ग्रामीणों ने पकड़ा, मामला दर्ज, चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक ट्रक में लगभग 60 मवेशियों को भरकर उसकी तस्करी की जा रही थी जब ग्रामीणों को इसकी सूचना मिली तो उन्होंने ट्रक को जैसे ही रोका चालक ट्रक से कूदकर फरार हो गया। ग्रामीणों ने मवेशियों से भरे ट्रक को पुलिस के सुपुर्द किया है। पुलिस ने फरार ट्रक चालक के खिलाफ 4, 6, 10 छत्तीसगढ़ कृषि पशु अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की खोजबीन शुरु कर दी है।

जिले के पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत घुंचापुर के आश्रित ग्राम भुजनकछार में गौ तस्करी का बड़ा खुलासा हुआ है। गांव के सतर्क लोगों ने तस्करों की गाड़ी को रोक लिया। वाहन क्रमांक सीजी 14 एमएफ 1374 की तलाशी लेने पर ग्रामीणों के होश उड़ गए क्योंकि उसमें 60 से अधिक गायें ठूंसकर बांधी गई थीं। इस अमानवीय कृत्य में कई गायों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। वाहन चालक मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना तुरंत प्रशासन को दी। जांच के दौरान और भी चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। पास के जंगलों में भी बड़ी संख्या में गायों को रस्सियों से बांधकर बंधक बनाकर रखा गया था। ग्रामीणों का कहना है कि जिले में लंबे समय से गौ तस्करी का अवैध कारोबार चल रहा है लेकिन प्रशासन की लापरवाही के कारण तस्कर बेखौफ हैं। ग्रामवासी ने कहा गायों को इस तरह तड़पते देखना असहनीय था उन्होंने गाड़ी को रोका और प्रशासन को इसकी जानकारी दी। मामले मे कोरबी चौकी पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है। उल्लेखनीय है कि जिले में इस तरह की घटनाएं पूर्व में कई बार हो चुकी हैं लेकिन आरोपी हर बार फरार हो जाते हैं और कुछ दिनों बाद मामले को ठण्डे बस्ते में डाल दिया जाता है जिससे गौ तस्करों के हौसले बुलंद रहते हैं।



ग्रामीण जिन्होंने पकड़ा मवेशियों से भरा ट्रक।


ट्रक में इस तरह ठूंस ठूंसकर भरे गए मवेशी।

# स्कूल बस ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक तेज रफ्तार बस के चालक ने तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे बाइक सवार घायल हो गया जबकि बस में स्कूली बच्चे सवार थे। हालांकि किसी भी बच्चे को चोट नहीं आयी है और देर शाम तक इस मामले में किसी ने पुलिस से मामले की शिकायत नहीं की है।

**खास बात**

- उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम तिलकेजा के समीप हुई घटना

मामला उरगा थाना क्षेत्र का है। बताया जाता है कि कोरबा-सक्ती मार्ग के अंतर्गत आने वाले ग्राम तिलकेजा के समीप एक तेज रफ्तार स्कूल बस के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए मंगलवार की सुबह लगभग 7 बजे बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। जहां हादसे के बाद हड़कप मच गया बाइक सवार सड़क किनारे घायल हालत में खून से लतपथ पड़ा हुआ था। वहीं इस हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों की नजर घायल युवक पर पड़ी जहां किसी तरह एंबुलेंस के माध्यम से घायल को जिला मेडिकल कॉलेज के लिए रवाना किया गया। बताया जा रहा है कि बस पर लगभग 14 बच्चे बैठे हुए थे। हादसे के होते ही बच्चों में चीखपुकार मच गई। बताया जा रहा है कि घायल युवक रेनखोल निवासी उत्तम यादव है जो नवरात्र में सुबह दर्शन करने मंदिर जा रहा था। उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी ने जानकारी दी कि हादसे की सूचना मिली थी लेकिन इस मामले को लेकर किसी ने देर शाम तक रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है।


एंबुलेंस में घायल युवक।

# पेट्रोल पंप कर्मी के सिर पर डंडे से हमला कर लूटपाट, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

देर रात को एक मोटर सायकल में चार लोग सवार होकर पेट्रोल पंप पहुंचे थे जहां ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारी को उठाकर बाइक सवार युवकों ने उसके सिर पर जानलेवा हमला कर दिया और उसके पास रखे बिक्री की रकम लगभग 2 हजार रुपए लूटकर फरार हो गए। मामले में लूटपाट की घटना सामने आते ही पुलिस हरकत में आयी और पुलिस अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर आरोपियों की खोजबीन में जुटी हुई है।

दर्री थाना क्षेत्र में सोमवार की रात लगभग 2 बजे यह लूटपाट की घटना सामने आयी है। बताया जाता है कि दिल बोध यादव उम्र 45 वर्ष पिता पकक्षी राम यादव जो एचपी पेट्रोल पंप में काम करता है। वह सोमवार की रात रात्रि पाली की ड्यूटी में तैनात था इस दौरान देर रात लगभग 2 बजे मोटर सायकल में सवार होकर 3 से 4 युवक पहुंचे और उसे रात को पेट्रोल भरवाने के नाम पर झांसे में ले लिया और उसे उठा लिया और उसके उठते ही युवकों ने डंडे से उसके सिर पर जानलेवा हमला कर दिया और उसके पास रखे लगभग 2 हजार रुपए और मोबाइल लूटकर फरार हो गए। लूटपाट की घटना सामने आते ही पुलिस के अधिकारियों ने मामले में संज्ञान लेते हुए अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लूटेरों की खोजबीन में जुटी है।


हमले में घायल पेट्रोल पंप कर्मी।

**खास बात**

- दर्री थाना क्षेत्र का मामला, तहकीकात में जुटी पुलिस

### निगम के जोन कार्यालयों में 25 को लगेगा सत्यापन शिविर

**कोरबा।** नगर निगम के 7 जोन कार्यालयों में 25 सितम्बर को सेवा पखवाड़ा दिवस शिविरों का आयोजन कार्यालयीन समय पर किया जाएगा। इन शिविरों में सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित केन्द्रीय पेंशन योजनाओं यथा-इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन एवं राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सुखद सहारा पेंशन एवं मुख्यमंत्री पेंशन योजना के हितग्राहियों का सत्यापन किया जाएगा तथा नवीन पेंशन स्वीकृति हेतु फार्म भराए जाएंगे एवं यू.डी.आई.डी. कार्ड हेतु पंजीयन किया जाएगा।

# सवा लाख नहीं दिया बोनस तो कोयला उत्पादन करेंगे ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला कामगारों का बोनस तय करने वाली मानकीकरण समिति की बैठक स्थगित होने का मामला गरमाता जा रहा है। एचएमएस ने दशहरा तक सवा लाख रुपए अग्रिम बोनस भुगतान नहीं होने पर कोयला उत्पादन ठप करने की चेतावनी दी है। मंगलवार को हिंद मजदूर सभा के जनरल सेक्रेटरी हरभजन सिंह सिद्धू ने एक वीडियो संदेश जारी किया। इस वीडियो में श्री सिद्धू के साथ शिवकुमार यादव एवं शिवकांत पाण्डेय भी हैं। हरभजन सिंह सिद्धू ने मानकीकरण समिति की बैठक स्थगित होने के लिए कोल इंडिया प्रबंधन को सीधे जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि कोल अफसरों का तो भुगतान कर दिया लेकिन कामगारों की बारी आई तो प्रबंधन कोर्ट की आड़ ले रहा है। हाईकोर्ट ने बोनस वितरण पर रोक नहीं लगाई है। एचएमएस नेता ने कहा कि नियमित कोयला कामगारों को सवा लाख रुपए बोनस का भुगतान होना चाहिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि दशहरा के पहले तक इस राशि का भुगतान नहीं किया गया तो कोयला खदानों में काम ठप करा दिया जाएगा। श्री सिद्धू ने बोनस की लड़ाई के लिए अन्य यूनियन के साथ संघर्ष समिति के गठन की भी बात कही।

**खास बात**

- एचएमएस का आक्रामक रुख, कहा दशहरा से पहले तक किया जाए बोनस का भुगतान


एचएमएच नेता।

### बोईदा और कनबेरी में शुरु हुए महतारी सदन

# महतारी सदन से महिलाओं को मिलेगा रोजगार एवं प्रशिक्षण का अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महिलाओं को आत्मनिर्भर, सशक्त और स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से एक दूरदर्शी पहल की शुरुआत की गई, जो उन्हें न केवल आर्थिक रूप से मजबूत बनाएगी बल्कि सामाजिक और शैक्षिक क्षेत्र में भी नई पहचान दिलाएगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने धमतरी जिले से प्रदेश के 17 जिलों में 51 महतारी सदन का एक साथ शुभारंभ किया।

वाणिज्य, उद्योग, श्रम एवं आबकारी मंत्री लखनलाल देवांगन कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में माताओं और बहनों को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार सार्थक कार्य किए जा रहे हैं। इन महतारी सदनों के माध्यम से महिलाओं को रोजगार एवं प्रशिक्षण के अवसर प्राप्त होंगे, साथ ही समाज में सहयोग एवं सामूहिकता को नई दिशा मिलेगी। प्रदेशव्यापी लोकार्पण कार्यक्रम के अंतर्गत कोरबा जिले के ग्राम पंचायत कनबेरी और ग्राम पंचायत बोईदा में भी नवनिर्मित महतारी सदन का लोकार्पण किया गया। प्राथमिक शाला कनबेरी परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में वाणिज्य, उद्योग, श्रम एवं आबकारी मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने फीता काटकर और विधिविधानपूर्वक पूजा अर्चना कर भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने इसके लिए माताओं-बहनों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हमारी सरकार अनेक जनकल्याणकारी योजनाएँ संचालित कर रही हैं। सुकन्या योजना, लखपति दीदी योजना, हर घर जल और हर घर शौचालय योजना जैसी योजनाओं ने सुरक्षा का मजबूत आधार दिया है। हमारी सरकार ने अल्प समय में ही मोदी जी की गारंटी को पूरा किया है 18 लाख प्रधानमंत्री आवास योजना, तेंदूपत्ता का बढ़ा हुआ दाम, महतारी वंदन योजना, श्रीराम लला दर्शन योजना जैसे वायदों को पूरा कर दिखाया है साथ ही हमारी सरकार विकास पर विश्वास रखती है। मंत्री श्री देवांगन ने नवरात्रि के प्रथम दिवस से प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा किए गए जीएसटी सुधार का उल्लेख करते हुए कहा कि यह निर्णय आम जनता के लिए लाभकारी साबित होगा। अब आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी नहीं लगेगा। उन्होंने नागरिकों से स्वदेशी उत्पाद अपनाने की अपील की। कार्यक्रम में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



लोकार्पण करते उद्योग मंत्री लखन देवांगन एवं महापौर।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI KORBA

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)

सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)

89595-93920 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### विवाद के बाद पिता पुत्र को बोलेरो से कुचला, दो की मौत

**अम्बिकापुर/रामानुजनगर।** मूंगफली खाने को लेकर हुए मामूली से एक ही परिवार के बीच हुए विवाद में दो लोगों की बोलेरो से कुचलकर हत्या कर दी गई। मरने वालों में पिता-पुत्र शामिल है जबकि मृतक का एक पुत्र गंभीर रूप से घायल है। इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। आपसी रंजिश को लेकर की गई इस हत्या की घटना घर के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फिलहाल पुलिस ने शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। घटना के बाद से आरोपी फरार हो गए है जिनकी तलाश पुलिस कर रही है लेकिन इस घटना ने पुलिस की कार्यशैली पर सावल खड़े कर दिए है। बताया जा रहा है कि रामानुजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम तिवरागुडी निवासी 40 वर्षीय त्रिवेणी रवि आ. लक्ष्मण ने अपने खेत में मूगफली की फसल बोई थी जो अब तैयार हो चुकी है। इसके साथ ही त्रिवेणी रवि के रिश्तेदार नर्मदा सोनवानी ने अपने खेत में मूंगफली बोई हुई थी। दोनों ही परिवारों के खेत अगल बगल है और पुरानी रंजिश के कारण वे अपनी खेती की रखवाली करते है। 22 सितम्बर को त्रिवेणी का पुत्र करण रवि अपने खेत की रखवाली करते हुए मूंगफली खा रहा था। इस दौरान नर्मदा सोनवानी अपने बेटों के साथ बोलेरो से मौके पर पहुंचा और उनके खेत से मूंगफली चुराकर खाने को लेकर विवाद करते हुए करण रवि की रॉड से पिटाई शुरू कर दी और मोबाइल फोन तोड़ दिया। इस दौरान जब पिता त्रिवेणी रवि और भाई राजा बाबू ने बीच बचाव किया तो उन्होंने दोनो को भी बुरी तरह मारा। इस घटना की शिकायत त्रिवेणी रवि ने पुलिस से की जिसके बाद दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया लेकिन समझाइश देकर उन्हें घर भेज दिया गया। आरोप है कि थाने में ही नर्मदा सोनवानी के पुत्र ओमप्रकाश ने उन्हें अपने बोलेरो से कुचलकर मारने की धमकी दी थी।

### हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**सीतापुर।** विद्युत लाइन विस्तार के कार्य में ठेकेदार की लापरवाही से हाई वोल्टेज करेंट की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। करेंट की चपेट में आए मजदूर को लेकर उसके सहकर्मी अस्पताल पहुंचे और फिर लावारिश की तरह छोड़कर फरार हो गए। इस घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की शिनाख्त की और शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है इसके साथ ही घटना की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र के भैंसाख़ास में कलकत्ता की कैपकॉन आरडीएसएस कम्पनी द्वारा बिजली विस्तार का कार्य कराया जा रहा है। इस काम में स्थानीय के साथ ही दीगर राज्यों के मजदूर भी काम कर रहे रहे है इन्ही मजदूरों में एक दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम बड़े दमाली निवासी 30 वर्षीय ललित लकड़ा आ. प्रदीप लकड़ा भी विद्युत विस्तार के काम में लगा हुआ था। सोमवार की दोपहर काम के दौरान दोपहर लगभग 1.30 बजे अचानक ही विद्युत पोल में हाई वोल्टेज करंट आ गया। इस दौरान करंट की चपेट में आकर ललित लकड़ा की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य मजदूर घायल हो गया। इस घटना के बाद घायल के सहकर्मी उसे लेकर सीतापुर अस्पताल पहुंचे और भर्ती कराने के बाद भाग निकले जबकि घायल युवक के बाद में किसी प्रकार की जानकारी मजदूर देने से बच रहे है। मजदूर के के मौत की जानकारी की अस्पताल प्रबंधन की तरफ से पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की शिनाख्त करने के बाद उसके परिजन को मामले की जानकारी दी।

## विश्व के सबसे ज्यादा ताकतवर प्रधानमंत्री की पहचान बनाकर देश को किया गौरवान्वित

# शारदा विहार एवं कोहड़िया उद्यान के नमो पार्क नामकरण पट्टिका का उद्योग मंत्री ने किया अनावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


अनावरण करते उद्योग मंत्री व महापौर।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व के सबसे ज्यादा ताकतवर प्रधानमंत्री की पहचान कायम कर हमारे भारत देश को गौरान्वित किया है। अपने 11 वर्षों के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को विकास की नई ऊंचाईयों में पहुंचाया, तो वहीं दर्जनों जनकल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन कराकर समाज के सभी वर्गो के लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाया है। मुझे अत्यंत खुशी है कि आज इन दोनों उद्यानों के नमो पार्क नामकरण की पट्टिका का अनावरण करने का सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ।

उक्त बातें उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखनलाल देवांगन शारदा विहार एवं कोहड़यि उद्यान में नमो पार्क नामकरण पट्टिका के अनावरण कार्यक्रम के दौरान कही। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की पहल पर नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत अन्य उद्यानों के साथ शारदा विहार मुड़ादाई तालाब के समीप स्थित उद्यान एवं कोहड़यि मेन रोड स्थित उद्यान का नामकरण नमो पार्क के नाम पर किया गया है। आज इन दोनों उद्यानों में आयोजित गरिमापूर्ण कार्यक्रमों के दौरान प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने नमो पार्क नामकरण पट्टिका का अनावरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने की। वहीं निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, अशोक चावलानी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री श्री मोदी का जन्मदिन था, उनके जन्मदिन 17 सितम्बर से महात्मा गांधी जी व पं.लालबहादुर शास्त्री की जयंती 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान संचालित हो रहा है तथा इस दौरान विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ आयोजित हो रही हैं।

### सबके हितों की चिंता करते हैं प्रधानमंत्री

इस मौके पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समाज के सभी वर्ग के लोगों के हितों की चिंता करते हैं, उनके द्वारा जनता के हित में दर्जनों कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है, जिनकी बदौलत समाज के गरीब, निर्धन, पिछड़े व सभी वर्ग के लोगों का जीवन स्तर ऊपर उठ रहा है। उन्होंने कहा कि 2 उद्यानों के नमो पार्क नामकरण की पट्टिका का अनावरण उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के करकमलों से किया गया है, अभी निगम के और उद्यानों के नामकरण पट्टिका का अनावरण भी होना है।

### मिल रहा विकास के लिए प्रर्याप्त फंड

इस मौके पर कोहड़िया वार्ड के पार्षद नरेन्द्र देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिला खनिज न्यास मद की एक ऐसी सौगात हम सबको दी है, जिसकी बदौलत विकास हेतु पैसे की कमी नहीं हो रही, तो वहीं दूसरी ओर एनसीएपी, वित्त आयोग मद सहित अन्य विभिन्न मदों में प्रदेश व जिले को केन्द्र सरकार से विकास के लिए प्रर्याप्त फंड प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, नगर निगम कोरबा क्षेत्र का तेजी से विकास करा रही हैं, यह हम सबके लिए अत्यंत प्रसन्नता का विषय है।

### निगम क्षेत्र में होंगे 6 नमो पार्क

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के प्रयास से नगर निगम क्षेत्रांतर्गत 6 उद्यानों का नमो पार्क नामकरण किया गया है, जिसके अंतर्गत कोहड़िया उद्यान व शारदा विहार उद्यान के नमो पार्क नामकरण की पट्टिका का अनावरण किया गया। अन्य उद्यानों में निगम सभागृह के समीप नवनिर्मित उद्यान, आर.पी.नगर फेस-1 स्थित उद्यान, बालको सिविक सेंटर स्थित उद्यान एवं कलमीडुग्गू दर्री स्थित रिवर व्यू पार्क आदि उद्यान शामिल हैं।

## पावर इंजीनियर्स, एवरग्रीन चैंप और टीम वुल्फ को विजेता का खिताब



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना के तत्वावधान में आयोजित कोरबा बैडमिंटन लीग (केबीएल-2) के फाइनल मुकाबलों के साथ दूसरे सीजन के चैंपियंस का फैसला हो गया। मेजबान एकलव्य क्लब की टीमें लगभग हर ईवेंट में दबदबा बनाने में कामयाब रहीं। पिछले साल के विजेता रहे पावर इंजीनियर्स ने एक बार फिर जीत हासिल कर 35-45 वर्ष आयु में विजेता का खिताब अपने नाम लिख लिया। पुरस्कार समारोह में विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व कलेक्टर एवं छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष आरएस विश्वकर्मा (आईएएस) और विशिष्ट अतिथि आयुक्त आशुतोष पांडेय ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

ओपन टू आल की तर्ज पर आयोजित केबीएल-2 के इस कार्पोरेट बैडमिंटन टूर्नामेंट में तीन दिनों के धुआंधार मुकाबलों में 30 से अधिक टीमों और 300 से ज्यादा खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतिदिन सुबह 9 बजे से रात 10 बजे तक अनेक रोमांचक मुकाबलों का सिलसिला चला, जिसे देखने और आनंद उठाने खेल प्रेमियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबलों के परिणामों पर गौर करें तो 65 प्लस आयु वर्ग में एवरग्रीन चैम्प विजेता, गोल्डन वॉरियर्स उपविजेता, 55 से 65 वर्ष में एकलव्य लीजेंड्स विजेता, द्रोणाचार्य फाइटर्स उपविजेता, 45 से 55 वर्ष आयु वर्ग में एकलव्य नेट निंजा विजेता, एकलव्य ऐस स्क्वार्ड उपविजेता, 35 से 45 वर्ष में लगातार दूसरे वर्ष पावर इंजीनियर्स विजेता, विंग्स हसदेव वॉरियर्स उपविजेता और इसी तरह 25 से 35 वर्ष आयु वर्ग में टीम वुल्फ विजेता व एकलव्य एवेंजर्स उपविजेता रही। केबीएल सीजन-2 के इस रोमांचक टूर्नामेंट को सफल बनाने मुख्य रुप से कोरबा जिला बैडमिंटन एसोसिएशन (केडीबीए) के अध्यक्ष अशोक शर्मा, एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना के अध्यक्ष डा संजय अग्रवाल, सचिव मनीष गुप्ता, कोषाध्यक्ष सोनल फेलिक्स, इवेंट मैनेजर अन्नू थॉमस, अमित बनर्जी एवं मीडिया प्रभारी विकास पांडेय समेत एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना व केडीबीए की पूरी टीम का महत्वपूर्ण सहयोग शामिल है।

# बालको मंडल द्वारा सेवा पखवाड़ा श्रमिकों का किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सेवा, समर्पण और संगठन के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए भारतीय जनता पार्टी बालको मंडल द्वारा सेवा पखवाड़ा अंतर्गत श्रमिकों का सम्मान समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। यह आयोजन मंडल अध्यक्ष डिलेन्द्र यादव के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, पदाधिकारी और स्थानीय नागरिक शामिल हुए।

कार्यक्रम की रूपरेखा सेवा पखवाड़ा के संयोजक लुकेश्वर चौहान एवं सह-संयोजक राजा शर्मा द्वारा प्रस्तुत की गई। समारोह में सभी श्रमिक भाइयों-बहनों का पुष्पमालाओं और अभिनंदन पत्रों के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उद्योग एवं आबकारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि श्रमिक समाज के विकास की रीढ़ हैं। श्रमिकों के बिना कोई भी उद्योग, व्यापार अथवा राष्ट्र प्रगति नहीं कर सकता। श्रमिकों को सम्मान देना वास्तव में राष्ट्र को सम्मान देना है। कार्यक्रम में भाजपा की प्रदेश मंत्री सुश्री ऋतु चौरसिया, जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल, मंडल महामंत्री जय राठौर, सम्पत यादव, पार्षद मंगल बंदे, पार्षद चेतन मैत्री, पार्षद चंदा देवी रत्नाकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष जे.एन. दूबे, वरिष्ठ भाजपा नेता सुमीत तिवारी, वरिष्ठ नेत्री श्रीमती मंदाकिनी त्रिपाठी, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती अर्चना रूनीझा, महामंत्री हेमलता निर्मलकर, श्रीमती नारायणी दूबे, श्रीमती प्रीति स्वर्णकार, उपाध्यक्ष दिलीप प्रजापति, मनोज भारिया, श्रीमती रेनू प्रसाद, कोषाध्यक्ष राकेश सोनी, मंत्री माहेश्वरी गोस्वामी, राजा शर्मा, श्रीमती मीना डहरिया, निखिल मित्तल, आर. नारायण, लखन चन्द्रा, विनय यादव, श्रीमती मीना भैसारे, श्रीमती रंजीता मौर्या, श्रीमती मंजू ठाकुर, श्रीमती उषा यादव, कृष्णा राठौर, विष्णु राठौर, कृष्णी राठौर, श्रीमती ज्योति परिहार, श्रीमती गायत्री बरेठ समेत भाजपा के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बीएमसी में मध्य भारत का पहला एसबीआरटी हैंड्स-ऑन कंटूरिंग वर्कशॉप संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


वर्कशॉप में उपस्थित डॉक्टर एवं अन्य।

कैंसर उपचार के क्षेत्र में अग्रणी बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी) ने अपने तीसरे छत्तीसगढ़ कैंसर कॉन्क्लेव के तहत 21 सितंबर को मध्य भारत का पहला स्टेरियोटैक्टिक बॉडी रेडियोथेरेपी (एसबीआरटी) हैंड्स-ऑन कंटूरिंग वर्कशॉप आयोजित किया। यह वर्कशॉप विशेष रूप से लीवर और पैंक्रियाज़ कैंसर पर केंद्रित रही, जिसमें देशभर से 100 से अधिक रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट, रेज़िडेंट डॉक्टर और मेडिकल फिज़िसिस्ट शामिल हुए।

एसबीआरटी एक अत्याधुनिक रेडियोथेरेपी तकनीक है, जो बहुत अधिक मात्रा में रेडिएशन को सटीक रूप से कैंसर ट्यूमर तक पहुँचाती है, जबकि आसपास के स्वस्थ ऊतकों को नुकसान से बचाती है। इससे मरीज को कम से कम अस्पताल जाना, इलाज में सटीकता और कम दुष्प्रभाव पड़ता है। डॉक्टरों के लिए इस तरह की वर्कशॉप बहुत जरूरी हैं, क्योंकि इससे उन्हें नई तकनीकें सीखने और अपनाने का अवसर मिलता है, और मरीज अपने ही शहर में विश्वस्तरीय इलाज प्राप्त कर सकते हैं। वर्कशॉप का नेतृत्व देश के जाने-माने विशेषज्ञों ने किया। इनमें डॉ. स्वरूपा मित्रा (डायरेक्टर एवं यूनिट हेड, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम), डॉ. रीना इंजीनियर प्रोफेसर, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई), डॉ. सयान पॉल (कंसल्टेंट रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट, अपोलो कैंसर इंस्टीट्यूट, कोलकाता) और डॉ. डेविड के. सिमसन (कंसल्टेंट रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट, राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर, नई दिल्ली) शामिल थे। कई प्रमुख ऑन्कोलॉजिस्ट भी मेंटर के रूप में जुड़े, जिन्होंने प्रतिभागियों को सामान्य गलतियों से बचने के तरीके बताए और असली मरीजों से जुड़े मामलों पर सवाल-जवाब के माध्यम से सीखने का मौका दिया। डॉ. गौरव गुप्ता, एचओडी एवं सीनियर कंसल्टेंट, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, बालको मेडिकल सेंटर ने कहा कि एसबीआरटी प्लानिंग सीखने में हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग बहुत महत्वपूर्ण है। इस वर्कशॉप में लीवर और पैंक्रियाज़ जैसी जटिल अंगों में टारगेट डिलिनीएशन और ट्रीटमेंट प्लानिंग पर काम किया गया। प्रतिभागियों को वास्तविक मामलों पर काम करने, मोशन मैनेजमेंट को समझने और स्टैंडर्ड गाइडलाइंस लागू करने का अवसर मिला। टेक्नोलॉजी की भूमिका बताते हुए डॉ. आलोक कुमार स्वैन, सुपरिटेंडेंट एवं डायरेक्टर, एनेस्थीसिया एंड क्रिटिकल केयर बालको मेडिकल सेंटर ने कहा कि नई तकनीकें कैंसर उपचार का स्वरूप बदल रही हैं। एसबीआरटी जैसी उन्नत रेडियोथेरेपी तकनीक अपनाकर हम ऐसा सिस्टम बना रहे हैं, जिससे अलग-अलग तरह के कैंसर का इलाज अधिक सटीकता और प्रभावशीलता के साथ किया जा सके।

# भाजपा सत्ता नहीं, सेवा के लिए करती है राजनीति : हितानंद


कार्यक्रम को संबोधित करते एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर के अवसर पर प्रत्येक वर्ष भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा सेवा पखवाड़ा के रूप में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जाता है। जिसमें विभिन्न प्रकार के सेवा कार्य अलग-अलग क्षेत्र में कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित किए जाते हैं। इस वर्ष भी देश भर में मंडल स्तर पर सभी कार्यकर्ता सेवा पखवाड़ा आयोजित करने की दिशा में बैठकों का आयोजन कर रहे हैं।

इसी कड़ी में कोरबा नगर मंडल में बैठक संपन्न हुई। जहां सभा के मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा छत्तीसगढ़ प्रदेश मंत्री रितु चौरसिया एवं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल उपस्थित रहे।

सभा को संबोधित करते हुए हितानंद अग्रवाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वां जन्म दिवस है, प्रदेश नेतृत्व द्वारा तय किए गए कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि स्वच्छता अभियान, एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, प्रधानमंत्री के जीवन पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन, प्रबुद्ध वर्ग संवाद, दिव्यांग और जिले के अन्य विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान, वोकल फॉर लोकल का प्रचार प्रसार, प्रधानमंत्री पर चयनित पुस्तकों का वितरण, सांसद खेलकूद प्रतियोगिता, विकसित भारत चिकित्सा प्रतियोगिता, मोदी विकास मैराथन, प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती 25 सितंबर को मनाना, गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती 2 अक्टूबर को मनाना जैसे कार्यक्रम कराए जाने हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि भाजपा सत्ता में सेवा के उद्देश्य से आती है। पिछले 11 सालों में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के किसी भी मंत्री पर भ्रष्टाचार के कोई आरोप नहीं लगे। कार्यशाला की अध्यक्षता कोरबा मंडल के अध्यक्ष योगेश मिश्रा के द्वारा की गई। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन महामंत्री राहुल शुक्ला के द्वारा किया गया। इस दौरान मंच पर सरजू अजय, सुकेश दलाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण, पाषर्दगण एवं मंडल के पदाधिकारी शामिल हुए।

### जिला पुनिरीक्षा समिति की बैठक 26 को

**कोरबा।** मार्गदर्शी बैक योजना अन्तर्गत जिला स्तरीय सलाहकार समिति, जिला पुनिरीक्षा समिति की बैठक 26 सितंबर को अपरांह 3.15 बजे सीईओ जिला पंचायत श्री दिनेश नाग की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

# नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की खुदकुशी, 5 महीने पहले की थी शादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो अलग-अलग इलाकों से आत्महत्या के मामले सामने आए हैं। पहला मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। जहां नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। 5 महीने पहले उसने लव मैरिज की थी। वहीं दूसरा मामला सीएसईबी चौकी क्षेत्र का है। जहां एक महिला की लाश बाथरूम में फंदे से लटकी मिली है। मृतिका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। पहला मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के रताखार नादियाखार बस्ती का है। बताया जा रहा है कि आरती प्रजापति (19) और रवि बंजारे (20) ने 5 माह पहले ही लव मैरिज की थी। दोनों रवि पटेल के मकान में किराए पर रह रहे थे। सोमवार की रात दोनों शाम को घूमने के लिए निकले हुए थे। देर रात खाना लेकर घर पहुंचे और खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चले गए। रात करीब 3 बजे जब आरती प्रजापति बिस्तर पर नहीं थी। इस दौरान अचानक रवि की नींद खुली और वह जाकर देखा तो घर के आंगन में फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी। इसकी सूचना उसने मकान मालिक को दी। उसके बाद कोतवाली थाना पहुंचकर मामले की जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। बताया रहा है की आरती प्रजापति इससे पहले भी सुसाइड करने की कोशिश कर चुकी थी। हालांकि अभी तक सुसाइड की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। मामले में कोरबा सीएसपी भूषण एक्का ने बताया कि सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कार्रवाई शुरू कर दी है। तहसीलदार के समक्ष परिजनों का बयान दर्ज किया गया है और आगे की जांच करवाई की जा रही है। इसी तरह दूसरा मामला सीएसईबी चौकी क्षेत्र के पंप हाउस बस्ती का है। यहां रविवार दोपहर को 45 वर्षीय प्रभा देवी यादव की लाश घर के बाथरूम में लटकी मिली। प्रभा देवी के परिजन बिहार के बांदा के रहने वाले हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा कर जिला मेडिकल कॉलेज में सुरक्षित रखवा दिया। मंगलवार सुबह बिहार से पहुंचे परिजनों ने प्रभा देवी की मौत को हत्या बताया है। उनका आरोप है कि प्रभा देवी की हत्या कर उन्हें फांसी के फंदे पर लटकाया गया है। परिजनों ने निष्पक्ष जांच की मांग की है। सीएसपी भूषण एक्का ने बताया कि घटना 2 दिन पहले की है। परिजनों को आने के बाद बयान दर्ज किया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# सफाई मित्रों, स्वच्छता दीदियों का किया गया स्वास्थ परीक्षण


शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत घंटाघर स्थित सियान सदन में आयोजित किए जा रहे स्वास्थ परीक्षण शिविर के दूसरे दिन मंगलवार को टीपी नगर जोनांतर्गत कार्यरत सफाई मित्रों, स्वच्छता कामगारों व स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ परीक्षण किया गया। शिविर में नेत्र जांच कैम्प भी आयोजित हुआ तथा नेत्रों की जांच की गई। हेल्थ चेकअप के साथ-साथ आवश्यकतानुसार दवाईयाँ भी उपलब्ध कराई गईं।

केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के अंतर्गत शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के तहत नगर निगम द्वारा महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में विगत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान का कुशल संचालन किया जा रहा है। निगम स्वास्थ अधिकारी डॉ.संजय तिवारी ने कहा कि अभियान की कड़ी में घंटाघर स्थिता सियान सदन में निगम के सफाई मित्रों, स्वच्छता कामगारों व स्वच्छता दीदियों के स्वास्थ परीक्षण हेतु 22, 23 व 24 सितम्बर को तीन दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है, आयोजन के दूसरे दिवस मंगलवार 23 सितम्बर को टीपीनगर जोन के अंतर्गत कार्यरत सफाई मित्रों, स्वच्छता कामगारों व स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ परीक्षण मोबाईल मेडिकल यूनिट के चिकित्सकों व मेडिकल स्टाफ के द्वारा किया गया। शिविर के दौरान स्थल पर नेत्र जांच कैम्प भी लगाया गया था, हेल्थ चेकअप कराने आने वाले लोगों के आंखों की जांच भी चिकित्सकों द्वारा की गई। शिविर में बुखार, मलेडिया, डेंगू, शुगर, लिपिड प्रोफाईल, सी.बी.सी., लीवर, किडनी, पेसाब की जांच, प्रोटीन टेस्ट, बिटामिन बी.-12 जांच सहित 41 प्रकार की जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

### पीएमएवाई की दी गई जानकारी

सियान सदन में आयोजित शिविर में भारत सरकार के महत्वपूर्ण अभियान अंगीकार 2025 का काउंटर भी स्थापित किया गया था। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के बीएलसी व एएचपी घटकों की सघन जानकारी निगम के सफाईमित्रों, कामगारों व स्वच्छता दीदियों के साथ-साथ शिविर में आने वाले अन्य लोगों को प्रदान की गई तथा योजना के अंतर्गत आवेदन पत्र प्राप्त करने, आवेदन को भरकर जमा करने आदि की प्रक्रिया के साथ-साथ संबंधित दस्तावेजों व पात्रता आदि के संबंध में भी आवश्यक जानकारियाँ उन्हें मुहैया कराई गई।

## पंडालों में विराजी मां


जननी महिला समूह ढोढीपारा।


चेकपोस्ट भदरापारा बालको।


कैलाशनगर बालको।


पुराना रिसदा कोरबा।


जय मां दुर्गा समिति इंदिरा मार्के के पीछे भदरापारा बालको।


दशहरा मैदान निहारिका कोरबा।


रैंकी मंच सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति।


पुरानी बस्ती समिति।


मेन रोड दर्री सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति।


बस स्टैंड हरदीबाजार में विराजित देवी माँ।

### सर्वमंगला, मड़वारानी, भवानी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भक्तों का लग रहा तांता

# नवरात्र का तीसरा दिन, मंदिरों में माता के दर्शन के लिए उमड़ रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शारदीय नवरात्र सोमवार से प्रारंभ हो गई है। पहले दिन देवी मंदिरों में दिनभर भक्तों की भीड़ उमड़ती रही। मंदिरों में घट स्थापना के साथ मां आदिशक्ति का दरबार भक्तों की मनोकामना ज्योति कलश से जगमगा उठे। माता की आराधना शुरू हो गई है। कई स्थानों में भव्य पूजा पंडालों में माता की प्रतिमा विधि विधान से पूजा अर्चना उपरांत विराजमान हुई। कई जगहों में पंचमी और सप्तमी को प्रतिमा स्थापित होगी। नगर की देवी मां सर्वमंगला के दरबार में इस साल 11 हजार से अधिक ज्योति कलश जगमगा रहे हैं। पाली चैतुरगढ़, कटघोरा कोसगई, कंकाली मंदिर, महामाया मंदिर पाली, कोरबा के काली मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में दीप जलाए गए हैं।अश्विन माह की शुक्ल प्रतिपदा को शारदीय नवरात्रि प्रारंभ हुआ। देवी मंदिरों में विधि-विधान से पूजा अनुष्ठान कर शुभ मुहूर्त में घट या कलश की स्थापना की गई। वैदिक मंत्रो के साथ कलश स्थापना की पूजा संपन्न हुई। इस अवसर पर भक्तों की भीड़ लगी रही। पहले ही दिन से माता के दरबार में मत्था टेकने भक्तों की कतार लगी रही। दिन चढ़ने के साथ भक्तों का तांता बढ़ता गया। दोपहर में थोड़ी देर के लिए भक्तों की संख्या कम हुई। भक्त कतार में होकर खड़े होकर आदिशक्ति की दर्शन करने आतुर थे। दरबार में पहुंचकर भक्तों ने पूजा-अर्चना की। मनोकामना के दीपक जलाए। इस बार मां सर्वमंगला मंदिर में 11 हजार से अधिक भक्तों ने मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित कराएं हैं। इसके अलावा कोहडिय़ा स्थित मां भवानी मंदिर, चैतुरगढ़ स्थित मां महिषासुर मर्दनी मंदिर, मां कोसगाई, मातिन दाई, मनसा देवी, देवपहरी देवी, सीतामणी स्थित मां वैष्णो दरबार, कटघोरा स्थित दुर्गा मंदिर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के देवी मंदिरों में भी लगभग 19 हजार से अधिक मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए हैं।

मां जगदंबा का दरबार भक्तों के दीपों और झालरों से जगमगा उठे। सुबह से मंदिर परसिर माता के जयकारे से गुंजायमान होता रहा। सर्वमंगला मंदिर परिसर व आसपास में आपराधिक घटनाओं को रोकने पुलिस विभाग द्वारा चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मंदिरों में माता के दर्शन व पूजा अर्चना के लिए नवरात्र पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इसका लाभ असामाजिक तत्व उठाने के प्रयास में लगे रहते हैं। चैन स्नेचिंग, लूट सहित अन्य अपराधों को रोकने पुलिस विभाग की ओर से कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।प्रतिपदा तिथि पर श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के पहले स्वरूप मां शैलपुत्री की अराधना की। श्रद्धालुओं ने जीवन में उत्साह, चमक और प्रसन्नता की कामना की। द्वितीया तिथि मां ब्रम्हचारिणी को समर्पित है। इस दिन श्रद्धालु मां ब्रम्हचारिणी की पूजा-अर्चना कर जीवन में विकास, सद्भावना और ऊर्जा की कामना करेंगे।


ज्योतिकलश की पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।


दर्शन के लिए कतार में लगे भक्त।

### कुसमुंडा आदर्श नगर स्थित मां शेरावाली मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब



आदर्श नगर स्थित मां शेरावाली मंदिर में नवरात्र के पहले दिन सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा और मंदिर परिसर देवी के जयकारों से गूंज उठा। भक्तों ने माता रानी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और मनोकामना पूर्ति हेतु ज्योति कलश प्रज्वलित किए। पहले दिन माता का श्रृंगार शैलपुत्री स्वरूप में किया गया। भक्तों ने माता को घी, नारियल, केला और देशी घी से बनी मिठाइयों का भोग अर्पित किया। मंदिर समिति के अध्यक्ष विकेश झा ने बताया कि पूरे नौ दिनों तक माता रानी का श्रृंगार अलग-अलग रूपों में किया जाएगा और प्रतिदिन विविध प्रकार के भोग लगाए जाएंगे। समिति की ओर से इस बार भी ज्योति कलश जलाए गए हैं। संध्या आरती के उपरांत गरबा नृत्य का आयोजन होगा। श्रद्धालुओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए बच्चों और महिलाओं के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन भी किया जा रहा है। भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सतर्कता बरतते हुए मंदिर परिसर व आसपास पुलिस बल की तैनाती की है ताकि किसी प्रकार की अनहोनी की संभावना न रहे।

## एचटीपीएस चिकित्सालय में रक्तदान आज, कल स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हसदेव ताप विद्युत गृह (एचटीपीएस) कोरबा पश्चिम के विभागीय चिकित्सालय में सेवा पखवाड़ा के तहत 24 सितंबर की सुबह 10 बजे से 5 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। इसके दूसरे दिन 25 सितंबर की सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। शासकीय कार्यक्रम के अनुसार यहां सेवा पखवाड़ा का आयोजन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किया जा रहा है। गुरूवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ (न्यूरो सर्जन) डॉ. प्रदीप त्रिपाठी (एमबीबीएस., एमएस. एमसीएच. न्यूरो) एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ (आर्थोपेडिक सर्जन) डॉ. श्रीयस गूगुसकर (एमबीबीएस. डीएनबी. ऑर्थोपेडिक्स) चिकित्सा परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे। मुख्य अभियंता श्री पीके श्रीवास्तव शिविर का औपचारिक शुभारंभ करेंगे। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान करने एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ लेने का आह्वान किया है।

विभागीय चिकित्सालय के अनुसार निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में हड्डियों एवं जोड़ों से संबंधित समस्याओं की जांच व परामर्श, गर्दन, कमर, रीढ़ की हड्डी, नस दर्द, सायटिका व झुनझुनी की जांच, सिरदर्द (माइग्रेन), चक्कर आना, नींद की समस्या का परामर्श, एक्सीडेंट व चोट से संबंधित समस्याओं की जांच, बच्चों के जन्मजात हड्डी रोग, नस संबंधी रोगों का परामर्श के साथ ही अन्य आर्थोपेडिक व न्यूरो रोगों का निःशुल्क परामर्श दिया जाएगा।

## अग्रवाल समाज सेवा के क्षेत्र में सबसे आगे : मोदी


कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी व अन्य एवं उपस्थित अग्रवाल समाज के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

अग्रवाल सभा कटघोरा के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाराजा श्री अग्रसेन की जयंती समारोह मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोपाल मोदी जिलाध्यक्ष भाजपा, योगेश जैन जिला अध्यक्ष चेम्बर आफ कॉमर्स एन्ड इंडस्ट्रीज के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पवन कुमार अग्रवाल ज्योति अध्यक्ष अग्रवाल सभा कटघोरा के द्वारा किया। इस अवसर पर संरक्षक रामनाथ सिंघानिया, बजरंग लालअग्रवाल, उपाध्यक्ष सुरेश बंसल, सचिव अभिषेक गर्ग, कोषाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, अध्यक्ष महिला मंडल श्रीमति बबिता अग्रवाल, अध्यक्ष नवयुवक मंडल अमन गोयल मंच पर उपस्थित रहे।

**खास बात**

- अग्रवाल सभा कटघोरा ने गोपाल मोदी के आतिथ्य में मनाया अग्रसेन जयंती

अग्रवाल सभा कटघोरा के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ज्योति ने बताया कि भवन सर्वसुविधायुक्त होने के साथ इस भवन में कमरे की कमी थी जिस्को देखते हुए आज भवन के इसी प्रांगण में 28 नए कमरे एव 6 हजार स्क्वायर फुट का हाल का सभी अग्रजनों की उपस्थिति में भूमि पूजन किया गया। निश्चित ही इसके निर्माण पूरे हो जाने पर सभी नगरवासियों को इसका लाभ मिलेगा। ततपश्चात छोटे छोटे नन्हे बच्चो के द्वारा अतिथियों के स्वागत में स्वागत नृत्य की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोपाल मोदी जिलाध्यक्ष भाजपा ने बताया की निश्चित ही हम सभी को हमारे महाराजा श्री अग्रसेन ने जो राह दिखाया है हम सभी को उसी राह पर चलना चाहिये क्योंकि उनके दिखाए मार्ग पर चलने से व्यक्ति हमेशा आगे बढता है कभी भी पीछे मुड़कर नहीं देखता। जयंती के पूर्व 14 दिनों तक जो प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है उसका मुख्य उद्देश्य है कि इसी बहाने हमारा पूरा अग्रवाल समाज एक साथ अग्रसेन भवन में सांथ रहता है। हमारा समाज चाहे वह स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो या फिर शिक्षा या सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सभी क्षेत्रों में आगे रहता है आज हमारे बच्चे पढ़ने लिखने के लिए बाहर जाते है। बाहर वे कई भाषाओं का ज्ञान अर्जित करते हैं लेकिन हर माता पिता को समय समय पर अपने बच्चों को याद दिलाते रहना चाहिए कि वे मारवाड़ी भाषा का भी प्रयोग करते रहे क्योंकि मारवाड़ी हमारी मुख्य भाषा है। योगेश जैन ने बताया कि निश्चित ही आज जितने भी बड़े कार्य हो रहे हैं उन सभी मे अग्रवाल समाज का मुख्य योगदान रहता है। अग्रवाल नवयुवकमंडल व महिला मंडल के सभी प्रतिभागियों के विजयी प्रतिभागियों को मंचस्थ अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत मे अग्रवाल सभा के सभी पदाधिकारियों के द्वारा मंचस्थ अतिथियों को स्मृतिचिन्ह भेंट किया गया।


रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति देते बच्चे।

**इनकी रही उपस्थित**

इस अवसर पर अर्जुन, संजय शर्मा, अनिल मित्तल, अनिल अग्रवाल, चन्द्रप्रकाश सिंघानिया, संजय धनोंदिया, संजय गोयल, अरविंद मित्तल, अशोक अग्रवाल, रमेश गर्ग भवानी राजकुमार अग्रवाल, पवन अग्रवाल, संजय सिंघल पार्षद, अजय धनोंदिया, हितेश गुप्ता, राकेश गोयल, मनोज गोयल, नरेंद्र अग्रवाल, राकेश बंसल, बजरंग अग्रवाल, राकेश गोयल, दीपक गर्ग, नरेंद्र अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, सुरेश बंसल, जितेंद्र अग्रवाल, भरत अग्रवाल, विकास अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल पाली, पवन गोयल, पवन गोयल, अशोक गोयल, अनुराग अग्रवाल, घांसिराम अग्रवाल, संजय गोयल, नवीन अग्रवाल, अक्षय गर्ग, सुनील मित्तल, अंकित सिंघानिया, सत्यनारायण जिंदल, मुकेश अग्रवाल, अतुल मित्तल, सांवरिया मित्तल, शंकर सिंघल, लक्ष्मी गर्ग, राजकुमार, नारायण गोयल, आशीष अग्रवाल, महेंद्र पचेरिवाल, अक्षत धनोंदिया, अमन गोयल, नयन अग्रवाल, लव गर्ग, प्रियंका बंसल, बबिता धनोंदिया, अंजू गर्ग, जानकी अग्रवाल, वर्षा गोयल, शकुन सिंघल, ज्योति गर्ग, शोभा गर्ग सहित महिला मंडल व युवा मंडल के साथ सुतर्रा, चैतमा, रजकम्मा, पाली, जटगा, पोड़ी, गुर्सिया, बनबांधा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन सभा के सचिव अभिषेक गर्ग के द्वारा किया गया।

## बरपाली में मनाया गया अग्रसेन जयंती समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरपाली

अग्रसेन जयंती समारोह में बरपाली में धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम अग्रसेन की आरती कर शोभायात्रा प्रारंभ की गई। शोभायात्रा बरपाली बस स्टैंड स्थित शिव मंदिर से प्रारंभ होकर अग्रसेन भवन बरपाली में सभा के रूप में परिणित हुई। शोभायात्रा में गाजे-बाजे रथ में अग्रसेन महाराज सवार होकर चल रहे थे, यात्रा में नगर के सभी अग्रबंधु महिलाएं एवं बच्चे शामिल थे। अग्रसेन भवन बरपाली में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जयंती कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी एवं सिविल ठेकेदार अशोक मित्तल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष किशन अग्रवाल ने की जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभा अध्यक्ष किशन अग्रवाल ने अग्रवाल सभा के द्वारा करवाए जा रहे, कार्यों की विस्तार से जानकारी दी एवं अग्र बंधुओ से अग्रसेन जी के बताए गए मार्गों पर चलने की अपील की। मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर अग्रवाल सभा बरपाली के कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की एवं यथासंभव मदद करने की घोषणा की। अंत में अग्रवाल सभा बरपाली द्वारा समाज के प्रतिभावान बच्चों एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज के लोगों तथा महिला संगठन द्वारा कराए गए खेल प्रतियोगिता के प्रतिभागी लोगों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सचिव संदीप अग्रवाल, उपाध्यक्ष सूरज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, सह सचिव राकेश अग्रवाल, अजय अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, कमल अग्रवाल, उमेश लालू, रिकी अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, अंशुमन अग्रवाल, रजत अग्रवाल, हितेश अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, अभिषेक सिंघल सहित अन्य उपस्थित थे।

## तानाखार सचिव कौशिक को हटाने कलेक्टर से शिकायत, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत तानाखार का सचिव मोहन चंद्र कौशिक मुख्यालय छोड़कर 65 किलोमीटर दूर से आना-जाना करते हैं और महीने में एक या दो बार ही पंचायत आते हैं, जिसके कारण ग्राम पंचायत का विकास कार्य जहां ठप्प हो गया है, वहीं अपनी आवश्यकताओं के लिए ग्रामीण जब भी सचिव के पास जाते हैं, नदारद ही मिलते हैं, जिसके कारण जनता परेशान हो गई है।

जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह के नेतृत्व में ग्राम पंचायत की सरपंच तीजबाई, उपसरपंच सहित पंचगण एवं ग्रामवासी कलेक्टर अजीत बसंत से मिलकर ज्ञापन सौंपा और सचिव को हटाने की मांग की। सरपंच एवं जनप्रतिनिधियों ने बताया कि कलेक्टर अजीत बसंत ने जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग को निर्देशित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने को कहा है। सरपंच तीजबाई ने बताया कि सचिव मोहन कौशिक का रवैय्या कई बार निवेदन करने के बाद भी नहीं सुधरा और वह 65 किलोमीटर दूर कथरीमाल से आना जाना करता है और महीने में एक-दो बार ही पंचायत आता है। जिससे हम परेशान हो गए हैं और जनता हमें सुनाती है। विकास तथा अन्य प्राथमिक कार्य ठप्प पड़ गए हैं। फोन करने से नहीं उठाता। सरपंच श्रीमती तीजबाई ने बताया कि पिछले पंचवर्षी कार्यकाल में तात्कालीन सीईओ ने जांच कराई थी और जांच में मोहन कौशिक दोषी पाया गया था, लेकिन उसके खिलाफ अब तक कार्यवाही नहीं हुई, जिसके कारण उसकी मनमानी चरम पर है।

**न्यायालय अपर कलेक्टर कोरबा एवं विवाह अधिकारी, जिला-कोरबा (छत्तीसगढ़)**

**ईश्तहार**

क्र./12011/वाचक / विवाह अधि. कोरबा /2024-25
कोरबा, दिनांक 15/09/2025
प्र.क्र.-202509052900002/15/ब-121/24-25
ग्राम कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.)

आवेदक (वर) भानुप्रताप अनंत पिता लम्बोदर कुमार अनंत, उम्र-32 वर्ष, अविवाहित, जाति-सतनामी (अनुसुचित जाति), पता एल.आई.जी.-109, एम.पी. नगर, कोरबा, तहसील व जिला कोरबा (छ०ग०) एवं आवेदिका (वधु) संध्या सूर्यवंशी पिता पंचराम सूर्यवंशी, उम्र-31 वर्ष, अविवाहित, जाति-सूर्यवंशी (वर्ग- अनुसूचित जाति) पता मकान न. 1बी/85, पम्प हाउस कॉलोनी, कोरबा, तहसील व जिला कोरबा (छ०ग०) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के तहत आशयित विवाह हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त विवाह के संबंध में कोई आपत्ति/ दावा आदि हो अथवा कुछ कहना हो तो वे प्रकरण में सुनवाई हेतु नियत पेशी दिनांक 13/10/2025 को 2.00 बजे तक उपस्थित होकर अपनी आपत्ति/दावा आदि प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति /दावा आदि पर कोई सुनवाई/ विचार नहीं किया जावेगा और यह माना जावेगा कि आपको/किसी को इस संबंध में कुछ नहीं कहना है और सुनवाई का कोई और अवसर दिये बिना प्रकरण में अग्रेत्तर कार्यवाही किया जावेगा।

**विवाह अधिकारी**
**जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**TOP IN KORBA**

**GURUKRIPA COLLEGE** ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

## कटघोरा विधायक ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

कटघोरा क्षेत्र में सोमवार को जीएसटी बचत उत्सव की शुभ शुरुआत हुई। कार्यक्रम में विधायक प्रेमचंद पटेल के द्वारा इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केन्द्रीय वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया। श्री पटेल भाजपा मंडल दीपका कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर व्यापारियों और नागरिकों के बीच जाकर जन-हितैषी निर्णय के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया एवं सोमवार साप्ताहिक बाजार में भ्रमण कर व्यापारियों को पुष्प भेंट कर व्यापारियों का सम्मान किया। केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से भी अवगत कराया। यह उत्सव न केवल व्यापारियों के लिए राहत का संदेश है, बल्कि आमजन मानस से लेकर मोदी सरकार की सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। इस दौरान विधायक प्रेमचंद पटेल के साथ दीपका नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र राजपूत, मंडल अध्यक्ष राजू प्रजापति, मनोज दुबे, सुजीत सिंह, संतोष निराला, सूर्य प्रकाश शर्मा, दीपक जायसवाल, ज्योति तिवारी, सुभद्रा यादव, उत्तरा कुंभकार, ओपी त्रिपाठी, मुकेश जायसवाल सहित भाजपा मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### सांस्कृतिक महोत्सव में सपना चौधरी का कार्यक्रम 12 को



**कोरबा।** लोकप्रिय हरियाणवी लोकनृत्य व मंच की कलाकार सपना चौधरी 12 अक्टूबर की शाम को कोरबा के मीरा रिजॉर्ट उरगा में अपनी प्रस्तुती देंगी। कार्यक्रम पराकष्ठा एनजीओ के सौजन्य से आयोजित किया जा रहा है, जो स्थानीय सामाजिक गतिविधियों में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाता आया है। कार्यक्रम की शुरुआत शाम 7:30 बजे से होगी और देर रात तक सांस्कृतिक माहौल को जीवंत बनाए रखेगी। कार्यक्रम में उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, विकास महतो पूर्व प्रदेश मंत्री, पवन अग्रवाल, केदार नाथ अग्रवाल, दिनेश मोदी डायरेक्टर, पाम मॉल मंचस्थ रहेंगे। कार्यक्रम में प्रवेश के लिए प्लैटिनम, गोल्डन पास जारी किए गए हैं। आयोजन समिति ने बताया कि सभी व्यवस्थाएं उच्च स्तरीय होंगी ताकि दर्शकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### ग्राम पंचायत कनकी में किया गया पौधरोपण



**मड़वारानी।** एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम आज सेवा पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम ग्राम पंचायत कनकी में एक पेड़ माँ के नाम पौधा रोपण किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सभापति वन समिति कोरबा जिला पंचायत सदस्य श्रीमति सावित्री अजय कंवर एवं ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमती फुल बाई मांझी, शांतिलाल मंझवार, पंच रामेश्वर, सूरज, बजरंग पटेल, धर्मेंद्र, वन परीक्षेत्र अधिकारी रघुनाथ राठिया, सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी बीके शुक्ला, गार्ड हरी बंजारे, कपील कंवर, चंद्रशेखर कंवर, पीतांबर कंवर, विजेंद्र नेटी, वैद राज बिंझवार, सचिव लक्ष्मी राजपूत एवं ग्राम पंचायत के पंच सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थिति थे।

### आजीवन सदस्यता के लिए जारी किया गया क्यू आर कोड

**कोरबा।** जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष योगेश जैन ने आजीवन सदस्यता के लिए क्यू आर कोड जारी किया है। उन्होंने आग्रह किया है कि व्यापारी बंधु आजीवन सदस्यता के लिए 3 हजार रुपये की राशि क्यू आर कोड में डालकर स्क्रीन शॉट शेयर कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए आवश्यक दस्तावेज जीएसटी सर्टिफिकेट (यदि उपलब्ध हो तो) यदि जीएसटी नहीं है, तो आधार कार्ड और फर्म का नाम देना होगा। जैन ने बताया कि सदस्यता शुल्क जमा होने के बाद चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा बाकी काम संभाल लिया जाएगा।

### मां दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड में नवरात्रि के प्रथम दिन हुई प्राण प्रतिष्ठा

**हरदीबाजार।** मां दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड हरदीबाजार के द्वारा बस स्टैंड हरदीबाजार में लगातार 17 वर्षों से दुर्गा माता की प्रतिमा स्थापित कर पूजा किया जा रहा है। नवरात्र के प्रथम दिन माता शैलपुत्री की पूजा अर्चना करते हुए प्राण प्रतिष्ठा की गई। नवरात्रि के 9 दिन तक समिति के द्वारा अलग-अलग दिन अलग-अलग कार्यक्रम रंगोली प्रतियोगिता, डांस प्रतियोगिता, आर्केस्ट्रा, जस जागरण, झांकी, जादूगर आदि कार्यक्रम कराया जाता है बस स्टैंड हरदी बाजार का यह दुर्गा पूजा आसपास के क्षेत्र में बहुत ही प्रसिद्ध व आकर्षण का केंद्र रहता है। यहां पूजा आरती मांदर की थाप से विशेष प्रकार से की जाती है।मां दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा हरदी बाजार व आसपास के क्षेत्र से श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक संख्या में आने के लिए अपील की गई है।

## राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा प्रोटोकॉल अधिनियम हुआ लागू

# बच्चों को पोषण आहार देने के पहले कार्यकर्ताओं को करना होगा टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आंगनबाड़ी केंद्र के नौनिहालों को मिड डे मिल के रुप में एवं पैकिंग खाद्य सामग्री के साथ किए जाने वाले पौष्टिक आहार को वितरण से पहले कार्यकर्ता व सहायिकाओं को स्वयं खाकर टेस्ट करना होगा और उस टेस्ट के साथ उपस्थिति रजिस्टर में दर्ज करना होगा तथा ऑनलाइन फोटोग्राफी करनी होगी।

**खास बात**

- सभी केंद्रों में मिड डे मिल और पैकिंग में दिए जाते हैं पोषण आहार



फाइल फोटो

आंगनबाड़ी केंद्रों में 3 से 5 वर्ष तक के बच्चों की उपस्थिति रहती है और ऐसे में उन्हें स्वस्थ्य और स्वच्छ पौष्टिक आहार नियम के तहत वितरित किए जाते हैं लेकिन अब राष्ट्रीय खाद्य प्रोटाकॉल के तहत अब किसी भी बच्चे को पौष्टिक पोषण आहार बिना टेस्ट किये नहीं दिए जा सकेंगे। कार्यकर्ता और सहायिकाओं को इस बात के निर्देश दिए गए हैं कि पौष्टिक पूरक पोषण आहार के वितरण के पहले स्वयं खाकर इसका टेस्ट करें और फिर टेस्ट के विवरण को रजिस्टर में एंट्री करें साथ ही पौष्टिक आहार वितरण की वीडियो बनाकर उसे अपलोड भी करना होगा। महिला बाल विकास विभाग के माध्यम से चलने वाले सभी आंगनबाड़ी केंद्रों की परियोजना अधिकारियों को इसकी जिम्मेदारी दी गई है कि वह खुद केंद्रों में पहुंचकर इसकी मॉनिटरिंग करें और प्रतिदिन इसकी रिपोर्ट अपडेट करें। इसके अलावा जिन स्थानों में मध्यान्ह भोजन तैयार किया जाता है वहां की भी फोटोग्राफी के निर्देश दिऐ गए हैं। खाद्य सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत अब कार्यकर्ताओं को बच्चों की सुरक्षा को लेकर ज्यादा गंभीर होना होगा।

**प्रायमरी स्कूल के परिसर में चलते हैं आंगनबाड़ी केंद्र**

इस वर्ष से बालवाड़ी योजना भी लागू है, यह योजना उन आंगनबाड़ी केंद्रों में लागू है जो प्रायमरी और मिडिल स्कूल के परिसर में ही संचालित है। इन केंद्रों में मध्यान्ह भोजन बनाने वाले वही समूह है जो मिडिल और प्रायमरी स्कूल में बनाते हैं। इस स्थिति में मध्यान्ह भोजन का सैंपल लेने वाले अधिकारियों की टीम अगर प्रायमरी और मिडिल स्कूल का दौरा करती है तो उसे बालवाड़ी योजना अंतर्गत प्रायमरी और मिडिल स्कूल के कैंपस में चलने वाले आंगनबाड़ी केंद्रों के पूरक पौष्टिक आहार का भी सैंपल लेना होगा। किंतु अब तक विभागीय अधिकारियों की टीम ने कहीं का भी दौरा नहीं किया है।

**स्कूलों में अभी भी शुरु नहीं हुआ सैंपल लेने का काम**

नए शिक्षण सत्र शुरु होने के पहले प्रायमरी और मिडिल स्कूल में बनने वाले मध्यान्ह भोजन के सेंपल लेने के लिए खाद्य औषधी सुरक्षा विभाग व शिक्षा विभाग के अधिकारियों की टीम बनाई गई थी। अप्रैल माह में बनी इस टीम ने शहर के चुनिंदा स्कूलों तक ही पहुंचकर इस काम को अंजाम दिया और उसके बाद आज शिक्षण सत्र को शुरु हुए लगभग 4 माह का समय बीत चुका है। विभागीय अधिकारियों की टीम मध्यान्ह भोजन की पौष्टिकता की जांच को लेकर अब तक शहर और ग्रामीण अंचल के किसी भी स्कूल का निरीक्षण नहीं किया है।

# कोरबा से डोंगरगढ़ के लिए शुरु होगी पूजा स्पेशल ट्रेन, रेलवे ने जारी की समयसारणी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने पूजा स्पेशल ट्रेन की लगातार सौगात दे रहा है। इसी कड़ी में कोरबा से इतवारी तक स्पेशल पूजा ट्रेन चलायी जा रही है। जिससे कोरबा के यात्रियों को डोंगरगढ़ तक जाने के लिए सीधी ट्रेन की सुविधा मिल जाएगी जो अब तक नहीं थी। रेलवे ने इसके लिए समय सारणी जारी कर दी है। कोरबा से 25 सितंबर से यह ट्रेन रवाना होगी। इसके स्टॉपेज भी तय कर दिये हैं।

**खास बातें**

- कोरबा से ईतवारी तक चलने वाली ट्रेन का स्टॉपेज होगा डोंगरगढ़
- 18 फेरों के लिए 3 अक्टूबर तक चलेगी यह मेमू गाड़ी

कोरबा से अब तक डोगरगढ़ के लिए कोई सीधी ट्रेन की व्यवस्था नहीं होने से दर्शानार्थियों को अन्य ट्रेनों का सहारा लेना पड़ता था। स्थानीय रेल संघर्ष समिति ने पूजा स्पेशल ट्रेन कोरबा से चलाने की मांग रेलवे प्रबंधन से की थी। इस ट्रेन के लिए रेलवे प्रबंधन ने मंजूरी दे दी है। कोरबा से ईतवारी तक चलने वाली ट्रेन डोंगरगढ़ होते हुए जाएगी। जिससे यात्रियों को डोंगरगढ़ जाने की सुविधा मिलेगी। दीपावली व छठ पर्व के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये उन्हें कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी)-जयनगर- नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी) के मध्य 08 फेरे के लिये फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है।

# घंटाघर में रंगारंग रामलीला व दशहरा उत्सव का लगेगा मेला : लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इतिहास में प्रथम बार नगर पालिक निगम द्वारा भव्य रामलीला एवं दशहरा मेला का आयोजन करने जा रहा है, यह आयोजन 28 सितम्बर से प्रारंभ होगा तथा 2 अक्टूबर दशहरा के दिन आयोजन पूर्ण होगा। घंटाघर स्थित ओपन थियेटर मैदान में उक्त सम्पूर्ण आयोजन किया जायेगा, जो प्रतिदिन सायं 7 बजे से रात्रि 10:30 बजे तक संचालित होगा।

**खास बातें**

- तिलक भवन में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान उद्योग मंत्री व महापौर ने दी जानकारी
- 28 सितंबर से प्रतिदिन शाम 7 .30 से 10 .30 बजे तक चलेगा रामलीला



पत्रकारवार्ता में उपस्थित उद्योग मंत्री, महापौर, भाजपा जिला अध्यक्ष एवं अन्य।

तिलक भवन में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान प्रदेश के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, महापौर संजू देवी राजपूत ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि काफी लम्बे संघर्ष के बाद भगवान श्री राम की जन्मभूमि पावन नगरी आयोध्याधाम में श्री राम मंदिर का निर्माण हो पाया तथा हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा मंदिर में सम्पन्न हुई। वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा प्रदेश के लोगो को भगवान श्री रामलला जी का दर्शन लाभ प्राप्त कराने श्री रामलला दर्शन योजना लागू की गई है, जिसके तहत प्रदेश के हजारो नागरिक आयोध्या घाम पहुंचकर प्रभु श्री रामलला जी के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो चुके है। नागरिको के आयोध्याधाम तक जाने वापस आने, ठहरने, खाने-पीने व अन्य सभी व्यय का वहन राज्य सरकार स्वयं कर रही है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जीवन लीला तथा उनके द्वारा समाज के समक्ष स्थापित किये गये आदर्श सबसे बहुमूल्य धरोहर है, हमारी भारतीय संस्कृति में इन आदर्शों का स्थान सर्वोपरि है, भगवान श्री राम के द्वारा स्थापित किये गये आदर्श सर्वकालिन एवं सार्वभौमिक है, जो समय एवं काल से परे है तथा उनकी प्रासांगिकता युगो-युगो तक बनी रहेगी। हमारी नई पीढ़ी को भगवान श्री राम की जीवन लीला से परिचय प्राप्त हो, उनके द्वारा स्थापित आदर्शों की सम्यक जानकारी उन तक पहुंचे, वे इस तत्थ से अवगत रहे कि धर्म के सामने अधर्म को हारना ही पड़ता है, अधर्म पर सदैव ही धर्म की विजय होती है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण भगवान श्री राम की जीवन लीला है जिसे हम श्री रामलीला के स्वरूप में जानते आए है। इसी उद्देश्य को लेकर श्री रामलीला व दशहरा मेला का अयोजन नगर निगम कोरबा करने जा रहा है। महापौर ने जिलेवासियों से आयोजन में शामिल होने की अपील की है। पत्रकारवार्ता के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, पार्षद नरेंद्र देवांगन, पार्षद अशोक चावलानी, पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

# रेलवे एवं यात्री सुरक्षा के लिए किया गया मॉक ड्रिल



मॉल ड्रील करते आरपीएफ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रेलवे स्टेशनों, यात्री गाडियों एवं प्लेटफार्मो में यात्री सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की रोकथाम बावत रेलवे सुरक्षा बल द्वारा लगातार यात्रियों को जागरूक एवं संवेदित करने हेतु कार्यवाही की जा रही है इस कड़ी में मंगलवार को समय 11.15 बजे से 12.15 बजे तक कोरबा रेलवे स्टेशन में रेलवे सुरक्षा बल तथा स्थानीय पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से माक ड्रील की गई जिसमें यात्रियों को रेलवे स्टेशन में किसी प्रकार के लावारिस अथवा संदिग्ध वस्तु मिलने पर क्या करना है क्या नहीं करना है के संबंध में जानकारी दी गई। माक ड्रील में सीएसपी भूषण एक्का की उपस्थिति में स्थानीय पुलिस के कुल 17 अधिकारी एवं स्टाफ डॉग स्क्वाड, बीडीडीएस टीम एवं आरपीएफ से 13 अधिकारी एवं स्टाफ शामिल रहे।

# तालाब में कपड़ा व्यवसायी का मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पानी में तैरता व्यवसायी का शव।


कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत राधासागर तालाब में सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले कपड़ा व्यापारी जुगल किशोर अग्रवाल 45 वर्ष का शव तालाब में तैरता हुआ मिला। स्थानीय बच्चों ने तालाब में तैरते जुगल किशोर अग्रवाल को देखा तो उन्होंने उसे बाहर निकाला। जब तक जुगल किशोर अग्रवाल को बाहर निकाला गया तब तक जुगल किशोर अग्रवाल की मौत हो चुकी थी। प्रारंभिक जांच में पुलिस का अनुमान है कि जुगल किशोर अग्रवाल मॉर्निंग वॉक के दौरान तालाब के पास हाथ-पैर धोने गया होगा और फिसलकर तालाब में गिर गया होगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के परिजनों को सूचित किया गया। जुगल किशोर अग्रवाल अंबिकापुर-कटघोरा मुख्य मार्ग पर जुगल क्लॉथ स्टोर नाम से दुकान चलाता था और क्षेत्र के जाने-माने व्यापारी माना जाता था। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है।

# जहर खाने से युवक की गई जान, पुलिस ने शुरू की मामले की जांच

**कोरबा।** एक 30 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों से घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया था। जब उसकी तबीयत बिगड़ी तो उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया हैष

मामला श्यांग थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छिरहुट की है। यहां निवासरत मुन्ना विश्वकर्मा 30 वर्ष पिता राम प्रसाद ने 12 सितंबर को अज्ञात चरणों से चलते अपने घर में रखे किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था। जब मुन्ना विश्वकर्मा की तबीयत बिगड़ने लगी तब परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था जहां पिछले कई दिनों से उसका उपचार चल रहा था और मंगलवार की सुबह मुन्ना विश्वकर्मा की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने जांच कार्यवाही शुरू कर दी है।




# साहू ने किया 57 बार रक्तदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के लोक अभियोजक राजेंद्र साहू ने पिछले कुछ सालों से लगातार रक्तदान करते आ रहे हैं। वह अब तक 57 बार रक्तदान कर चुके हैं और बहुत से लोगों को रक्त मुहैया करवाया चुके हैं।

वह लगातार बीमार और पीड़ित बच्चों, प्रेग्नेंट महिलाओं और जरूरत मंद के लिए रक्त उपलब्ध करने हेतु कार्य कर रहे हैं। बातचीत के दौरान राजेन्द्र साहू बताते हैं कि कुछ सालों पहले एक रक्त के अभाव में तड़पती महिला के लिए पहली बार रक्दान किया था। इसके बाद से ही कारवां चलता गया। अब तक 57 बार रक्दान कर चुका हूँ साथ ही दूसरे लोगों को रक्तदान के प्रति जागरुक करने का प्रयास कर रहा हूँ। इस अवसर पर अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक कृष्ण कुमार द्विवेदी, मोहन सोनी विशेष लोक अभिभाषक, सुनील कुमार सोनवानी विशेष लोक अभियोजक और साथीगण उपस्थित रहे।

### दुर्गा पूजा के अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता

**अम्बिकापुर।** अनोखी सोच संस्था द्वारा प्रति वर्ष दुर्गा पूजा महोत्सव का भव्य आयोजन मणिपुर दर्रीपारा मोहल्ले में किया जाता है। इस वर्ष आयोजन का दसवाँ वर्ष है। संस्था द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा महोत्सव में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में संस्था द्वारा सोमवार को दुर्गा पूजा पंडाल में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य भारतीय संस्कृति, परंपरा और कला को प्रोत्साहित करना तथा प्रतिभागियों की रचनात्मकता को मंच प्रदान करना था। कार्यक्रम में कुल 50 की संख्या में जूनियर एवं सीनियर वर्ग के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी अद्भुत कलात्मकता से सभी का मन मोह लिया।







